आषाढ़ शुक्ल पक्ष षष्ठी 10:20 तक उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 1 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 221, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार



# एसआरएमएस ने 23 साल में कई उपलब्धियां हासिल कीं

**बरेली, अमृत विचार:** चार जुलाई को स्थापना के 23 वर्ष पूरे करने वाले एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में 1 से 5 जुलाई तक दूरबीन विधि से ऑपरेशन के लिए मिनिमल इनवेसिव सर्जरी (दूरबीन विधि) कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें किसी भी दिन ऑपरेशन कराने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वालों को लेप्रोस्कोपिक, एंडोस्कोपिक, आर्थोस्कोपिक, रोबोटिक और लेजर सर्जरी पर 50 फीसदी की छूट प्रदान की जाएगी। मरीज अपनी सर्जरी 5 जुलाई के बाद पूरे महीने किसी भी दिन प्लान कर सकता है। ये बातें एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति ने कहीं।



आदित्य मूर्ति, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन।

उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन पर 50 फीसदी की छूट गैस्ट्रो, न्यूरो, यूरोलॉजी, कॉस्मेटिक, इंटरवेंशनल, पीडियाट्रिक, कार्डियक, जनरल, गायनी, नेत्र, आर्थोस्कोपी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, नाक, कान और गला सर्जरी जैसे विभागों में मान्य है। 23 साल में एसआरएमएस ने कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। इनमें 100 बेड का आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट, इनफर्टिलिटी सेंटर, अंतरराष्ट्रीय मानकों के साथ 110 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट, तीन दर्जन से ज्यादा सफल किडनी ट्रांसप्लांट, कोक्लियर ट्रांसप्लांट शामिल हैं। बताया कि एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज देश के टॉप 40 मेडिकल कॉलेजों में स्थान बरकरार रखे हुए है। इसी माह रिलीज संस्करण में इंडिया टुडे ने वर्ष 2025 का सर्वेक्षण जारी किया, इसमें देश के सभी 785 मेडिकल कॉलेजों में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज को 37वीं रैंक मिली है।